दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 05
अंकः- 19
मुरादाबाद
10 May 2025
(Saturday)
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## पहलगाम हमला फिर ऑपरेशन सिंदूर; बिलबिलाए पाकिस्तान का दुस्साहस और भारत का पलटवार







2 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ पाकिस्तान में चलाए गए भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने गुरुवार की रात भारत के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, जिसे भारतीय सेनाओं ने पूरी तरह नाकाम कर दिया। लड़ाकू विमानों, ड्रोन, रॉकेट व मिसाइलों के जरिए पाकिस्तान ने रात 8 से 10 बजे के बीच जम्मू, पठानकोट, फिरोजपुर, कपूरथला, जालंधर व जैसलमेर के सैन्य ठिकानों और आयुध केंद्रों पर हमला किया। भारत जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के चार लड़ाकू विमान मार गिराए। इनमें अमेरिका निर्मित दो एफ-16 और चीन निर्मित दो जेएफ-17 हैं। जैसलमेर में गिराए एफ-16 और अखनूर में गिराए गए अन्य विमान के दो पायलटों को सैन्य बलों ने हिरासत में ले लिया। पाकिस्तान के दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब देते हुए भारत ने पड़ोसी देश के लाहौर, इस्लामाबाद, पेशावर व सियालकोट समेत सात शहरों पर एकसाथ हमला किया। थल व वायुसेना के बाद नौसेना भी इसमें जुड़ गई। अरब सागर में तैनात नौसेना के युद्धपोत आईएनएस विक्रांत ने कराची पर हमला किया और बंदरगाह तबाह कर दिया। कोलकाता श्रेणी के विध्वंस पोत से भी पाकिस्तान पर मिसाइलें दागी गईं। नौसेना ने 1971 के बाद पहली बार मोर्चा खोला है।जम्मू-कश्मीर में पहलगाम की बायसरन घाटी में 22 अप्रैल को आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत हो गई थी। इसमें एक नेपाली नागरिक भी शामिल था। आतंकियों ने पर्यटकों को निशाना बनाते हुए गोलीबारी की थी। आतंकियों ने करीब 20 मिनट तक एके-47 से गोलीबारी की थी। पहलगाम हमले के बाद भारत ने 24 घंटे के अंदर ही पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई की। सिंधु जल संधि से लेकर पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा राहत तक सभी को रोक दिया गया। भारत ने पाकिस्तानी सोशल मीडिया अकाउंट्स पर भी रोक लगाई। व्यापार संबंधी पाबंदियां भी और सख्त कर दी गईं।पहलगाम आतंकी हमले के बाद उकसाने वाली और सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील सामग्री फैलाने के आरोप में भारत सरकार ने कई पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों को ब्लॉक कर दिया है। इन चैनलों के कुल 6.3 करोड़ सब्सक्राइबर थे। यह कार्रवाई केंद्रीय गृह मंत्रालय की सिफारिश पर की गई। ब्लॉक किए गए चैनलों में पाकिस्तानी समाचार चैनल Dawn, Samaa TV, ARY News, Bol News, Raftar, Geo News और Suno News शामिल हैं। साथ ही पत्रकारों इर्शाद भट्टी, असमा शिराज़ी, उमर चीमा और मुनीब फारूक के यूट्यूब चैनल भी प्रतिबंधित कर दिए गए। इसके अलावा The Pakistan Reference, Samaa Sports, Uzair Cricket ¥õÚU Razi Naama जैसे अन्य प्लेटफॉर्म भी इस सूची में हैं।पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त रुख अपनाया हुआ है। अब भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन बड़ी कार्रवाई की, जिसके तहत भारत ने पाकिस्तान से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष आयात पर तुरंत प्रभाव से रोक लगा दी। साथ ही पाकिस्तान से आने वाले डाक-पार्सल पर भी रोक लगा दी गई है। भारत ने पाकिस्तान का झंडा लगे जहाजों को भी भारत के बंदरगाहों पर रुकने से रोक लगा दी।पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेते हुए भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। इनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का ठिकाना शामिल है। प्रधानमंत्री ने इससे पहले पहलगाम हमले के मद्देनजर आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के लक्ष्यों, तरीके और समय पर निर्णय लेने के लिए सशस्त्र बलों को पूरी स्वतंत्रता दी थी।

## संक्षिप्त समाचार



### विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने सीएम योगी से की मुलाकात, कई कार्यक्रमों में लेंगे हिस्सा

विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने शुक्रवार दोपहर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और कई मुद्दों पर चर्चा की। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा शुक्रवार सुबह लखनऊ पहुंच गए हैं। अपनी एक दिवसीय यात्रा के दौरान वह लखनऊ और बाराबंकी में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।शुक्रवार दोपहर को उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर कई मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह से भी मुलाकात की।बंगा मुख्य सचिव की मौजूदगी में स्टेकहोल्डर्स के साथ राउंड टेबल बैठक में हिस्सा लेंगे, जिसके बाद वह सीएम योगी से उनके आवास पर मुलाकात करेंगे। इसके बाद वह चिनहट ब्लॉक के टेक होम राशन (टीएचआर) प्लांट का दौरा करेंगे।

## राजनाथ सिंह ने की अहम बैठक; सीडीएस- सेना प्रमुखों के साथ की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा



कल रात जब पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा (स्र्थष्ट) और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं (ढ्ढक्च) के साथ कई स्थानों पर ड्रोन भेजने के असफल प्रयास किए। उधमपुर, सांबा, जम्मू, अखनूर, नगरोटा और पठानकोट क्षेत्रों में भारतीय सेना की वायु रक्षा इकाइयों की ओर से बड़े पैमाने पर किए गए काउंटर-ड्रोन ऑपरेशन के दौरान 50 से अधिक ड्रोन को सफलतापूर्वक निष्प्रभावी कर दिया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को शीर्ष सैन्य नेतृत्व के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य की व्यापक समीक्षा की। यह समीक्षा बैठक भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की हालिया कोशिशों को नाकाम करने के एक दिन बाद की गई।

बताया जा रहा है कि बैठक में उभरती सुरक्षा स्थिति के हर पहलू पर चर्चा की गई। बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी शामिल हुए।पाकिस्तानी सेना की कोशिश को नाकाम किया भारत ने कल रात जम्मू, पठानकोट, उधमपुर और कुछ अन्य स्थानों पर मिसाइलों और ड्रोन से सैन्य ठिकानों पर हमला करने की पाकिस्तानी सेना की कोशिश को नाकाम कर दिया था। पाकिस्तानी प्रयासों को विफल करने के बाद रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारत अपनी संप्रभुता की रक्षा करने और अपने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तैयार है।दुश्मन के प्रयासों को विफल कर दिया- भारतीय सैन्य अधिकारियों ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइलों को प्रभावी ढंग से नाकाम कर दिया और दुश्मन के प्रयासों को विफल कर दिया। भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की ताजा कोशिशें इसी तरह की कोशिश के 24 घंटे से भी कम समय बाद सामने आई हैं। भारतीय सशस्त्र बलों ने मिसाइलों और ड्रोन का उपयोग किया- इससे पहले गुरुवार दोपहर को रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने मिसाइलों और ड्रोन का उपयोग करके देश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में 15 शहरों में सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की कोशिशों को नाकाम कर दिया। इसने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने बुधवार रात अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, भटिंडा, चंडीगढ़, नल, फलौदी, उत्तरलाई और भुज को निशाना बनाने की कोशिश की।

## अखिलेश यादव की मांग, महाराणा प्रताप जयंती पर दो दिन का हो सार्वजनिक अवकाश



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जब सपा की सरकार बनेगी तो गोमती रिवरफ्रंट पर महाराणा प्रताप की मूर्ति लगेगी और उनके हाथ में चमकती हुई सोने की तलवार होगी।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि राजनीति में महापुरुषों को नहीं लाना चाहिए और न ही किसी दल को इसका लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने महाराणा प्रताप की जयंती पर दो दिन का सार्वजनिक अवकाश दिए जाने की मांग भी की। साथ ही कहा कि भाजपा के एजेंडे में न कभी नौकरी रही और न कारोबार।

पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने प्रदेश सपा मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर गोमती रिवर फ्रंट पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा लगाई जाएगी, जिसके हाथ में चमकती हुई सोने की तलवार होगी।एक सवाल के जवाब में अखिलेश ने कहा कि महाराणा प्रताप किसी एक जाति के नहीं है, बल्कि सभी के हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के एजेंडे में कारोबार नहीं है, इसलिए सैकड़ों वर्षों से लग रहे मेलों का विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि जब देश युद्ध में उलझा हुआ है सरकार गुपचुप ढंग से एलओआई (आशय पत्र) जारी कर रही है। उधर, प्रदेश सपा मुख्यालय पर शुक्रवार को क्षत्रियों के प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप, पूर्व एमएलसी उदयवीर सिंह और पूर्व सांसद अरविंद सिंह का विशेष सहयोग रहा।

## सीएम योगी बोले- सोशल मीडिया की अफवाहों से बचें... भारत हर हाल में विजयी रहेगा




भारत पाकिस्तान के बीच जारी संघर्ष के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता से सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों से दूरी बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर यकीन न करें।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने पहलगाम पर हमला किया था... प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प था और हमारे सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है... हमें अपने सशस्त्र बलों के साथ खड़ा होना है और उनका मनोबल बढ़ाना है... आज आप पाकिस्तान को दुनिया के सामने कराहते हुए देख सकते हैं... सोशल मीडिया पर तरह-तरह की अफवाहें फैलाई जाएंगी। हमें प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में काम करते रहना है।

भारत हर परिस्थिति में विजयी है और आगे भी विजयी रहेगा।मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को लखनऊ के महाराणा प्रताप चौक, हुसैनगंज चौराहा के पास महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा के सौन्दर्यीकरण का लोकार्पण करने के बाद संबोधित कर रहे थे।प्रशासन ने कसी कमर, लगातार की जा रही निगरानी बता दें कि देश में तनावपूर्ण हालातों के बीच छावनी, रेलवे, एयरपोर्ट प्रशासन ने कमर कस ली है। इन जगहों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सभी जगह एंट्री व निकासी पर कड़ी जांच की जा रही है। रेलवे स्टेशनों की निगरानी ड्रोन से करने की तैयारी है। ट्रेनों में आरपीएफ एस्कॉर्ट बढ़ाया जा रहा है तथा एयरपोर्ट पर बुलेटप्रूफ गाड़ियों से गश्त बढ़ाई गई है। सेना का खुफिया तंत्र भी मुस्तैद हो गया है। हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है।

## संपादकीय Editorial

# Security Council is meaningless

Pakistan returned empty handed from the United Nations Security Council. It must be feeling relieved that neither a statement was issued nor any resolution was passed against it in the Security Council. It will be a consolation that the Kashmir issue is still alive and can be internationalized. Greece, the president of the Security Council for the month of May, did call a meeting on Pakistan's request and that too was held in a closed room, but in essence that meeting was meaningless. Neither any statement was issued by the Security Council nor any resolution was passed. Pakistan is also a temporary member of the 15-member powerful Security Council. In that sense, a meeting was called in view of the tension between India and Pakistan and the war-like situation. Pakistan was also asked tough questions. Comments were also made along with questions on its 'terrorist character'. It was even said that Pakistan has created war-like conditions. Its ministers and military generals also repeatedly threatened to use nuclear weapons. Pakistan is bound and committed to international nuclear control rules. In the conditions of tension, Pakistan has tried to provoke war by testing two missiles. On the basis of religious faith, the Pahalgam massacre was condemned and concern was also expressed, but apart from raising questions on the interrelationship between Pakistan and terrorist organizations like Lashkar-e-Taiba, nothing concrete was done. This is a question on the dignity, power and credibility of the Security Council that what is the justification of the United Nations? Superpowers were also present in the Security Council. 13 of them have fully supported India's 'fight against terrorism', but they kept giving arguments about India's humility, peace-loving nature and regional stability. Terrorists massacred 28 innocent tourists in Pahalgam, Kashmir, but no decision was taken to fix accountability of Pakistan and terrorist organizations. After all, how long will India continue to accept and bear such barbaric attacks? In the meeting, sermons were given that India should not wage war. United Nations Secretary General Guterres said that the Indo-Pak conflict can go 'out of control'. Both countries should exercise restraint and resolve the disputes among themselves. No country accepted Guterres' offer of mediation, so no resolution could be passed on it either. Certainly, the clouds of war are looming over India and Pakistan. India has imposed diplomatic, economic, sea port-related and Indus Water Treaty sanctions on Pakistan, despite that the roars of fighter planes are being heard and the common citizen has been taught lessons on security during war through 'mock drills' in 244 districts. The question is that all the member-countries of the Security Council know that Pakistan has been continuing the 'shadow war' of terrorism in India for the last 30-35 years, but the Security Council has remained mute and inconclusive. Should it be considered meaningless? Many examples of wars are in front of us. Destructions are continuing, massacres of humanity are being carried out, countless people have been displaced and become refugees, there are conditions of starvation all around, but the Security Council has not been able to play any effective role. Now the India-Pak tension is in front of us. Now the superpowers should recognize the cross-border war. Pakistan should be held responsible and accountable and extensive economic sanctions should be imposed on it. Pakistan should be declared an 'irresponsible country'. It should also be accepted that its army resorts to terrorism.

# Pakistani army fell in its own pit, an act like blackening one's face


The problem faced by Pakistani army is that there is no terrorist hideout in India which it can target to make a moral basis for retaliation. Then there is a fear that it will target Indian military bases or innocent civilians. After Operation Sindoor, Pakistani army has also targeted common people in our border villages. Indian forces destroyed nine terrorist hideouts in occupied Jammu and Kashmir as well as inside Pakistan in the biggest military action across the border after 1971 through Operation Sindoor. These include Muridke of Lashkar-e-Taiba and Bahawalpur headquarters of Jaish-e-Mohammed. With this attack, India took revenge not only for Pahalgam but also for many terrorist attacks in the past. Several members of the family of Jaish commander Rauf Azhar, who was involved in the Kandahar plane hijacking incident, the attack on Parliament and the murder of American-Jewish journalist Daniel Pearl, were killed in the bombing of Jaish's headquarters in Bahawalpur. Several members of terrorist Maulana Masood Azhar's family were also killed in these attacks. Indian forces also blew up the Lashkar camp in which Ajmal Kasab had received training for the Mumbai terror attack. Although Pakistan is beating its chest that common citizens were also killed in India's military action, it is not able to tell what were these so-called common people doing in these terrorist camps at 1.30 in the night? It should be remembered that Pakistani terrorists have always targeted women and children, whether it was the brutal killing of ten children and eight women by attacking the army residential quarters in Kaluchak in 2002 or the brutal acts like shooting Kashmiri Hindu children in front of their parents in the Wandhawa terror attack. India tolerated these atrocities for decades and maintained patience, but now when it decided to settle scores, it took revenge for these old incidents in one go. What Prime Minister Modi had said after the Pahalgam terrorist attack that India will hunt down and punish the perpetrators and conspirators of this attack till the last corner of the earth, he did it. The killing of the terrorists along with their family members sent a clear message to Pakistan that India does not forget even the decades old terrorist acts and will definitely take revenge when the time comes. Now what after this unprecedented military action? The Pakistani army may tolerate the Indian military action in occupied Kashmir, but military action inside Pakistan Punjab is like blackening its face. In the Pakistani system, Punjab is the heart of Pakistan and the stronghold of the army. In Pakistan, the army and its Punjabi stronghold have the same status as the queen bee and her chamber in a beehive. By spewing communal venom in the name of the principle of two-nation theory, Pakistan's army chief General Asim Munir unleashed the jihadi violence in Pahalgam, but now he has got himself caught in the web he has woven. He had thought that like the last time, India would attack a terrorist hideout in the jungle, where media cameras cannot reach and where he would arrange a media visit weeks later and say that the Indian attack failed. Munir would not have even dreamt that India could fire missiles at the terrorist headquarters of Jaish in the middle of Bahawalpur in Punjab, hundreds of kilometres from the international border. To save the remaining honour of the Pakistani army, Munir has no choice but to pretend to take action against India. This too is very risky, because after Operation Sindoor, India has clarified that it has exercised restraint and has not targeted any military or civilian hideout of Pakistan. The problem before the Pakistani army is that there is no terrorist hideout in India, which it can target to form a moral basis for retaliation. Then there is a fear that they may target Indian military bases or innocent civilians. After Operation Sindoor, the Pakistani army has also targeted common people in our border villages. Even after the Balakot attack, the Pakistani army had unsuccessfully attempted to bomb an Indian brigade headquarters. If the Pakistani army takes any provocative and unethical step in response to Operation Sindoor, then India should take advantage of the opportunity and take control of the terrorist infiltration routes in Jammu and Kashmir and especially the Haji Pir pass. If Pakistan again carries out any terrorist action, then India can target ISI officers just like America targeted Iranian General Qasim Suleimani. If the Pakistani army increases military tension, then India should blunt its combat capability. We will also benefit from this on the China front, because it has been Pakistan's shield for decades. This will also let the world assess the true capability of the Chinese fighter planes and other weapons that Pakistan has. This can burst the Chinese balloon. China is understanding the risk of Pakistan, that is why it called Operation Sindoor unfortunate. The Pakistani army has fallen into the hole it had dug and it is so deep that it would be difficult even for China to get it out.

# Commitment to counter terrorism, India ready to fight terrorism

In the last 11 years, India has tried to change the subject of discussion from regional conflict to the fight against terrorism. Sympathy towards our viewpoint has increased in India's close friendly countries and many strategic partners have also provided military and intelligence support to fight against terrorism. Through Operation Sindoor, India has killed two birds with one stone. First of all, this unprecedented military action sent a strong message to Pakistan that India has strong will and sufficient capabilities to punish the jihadists responsible for Pahalgam or any other such terrorist attack. The advanced technology, precision weapons and complete efficiency with which India retaliated inside Pakistan left no doubt that if terrorism spreads its wings, then India will not hesitate in clipping them. In simple words, India made it clear to Pakistan that before doing anything daring, it should think about how much it will have to pay for it and how long it will continue to suffer. Earlier, after the Uri attack in 2016 and the Pulwama attack in 2019, India had shown through its retaliatory strikes that it was no longer a soft state that would sit idle even after attacks. Now, by targeting nine terrorist hideouts simultaneously, an even stronger message has been sent to Pakistan that India is ready to take any risk in the fight against terrorism. In a way, India has challenged Pakistan that in view of its faltering economy and internal security challenges, it would be better if it stays within its borders, otherwise no stone will be left unturned to teach it a lesson. Seeing the fallacious and jihadi ideology of the Pakistani military establishment, will it learn a lesson and refrain from the proxy war it has been waging for decades in the name of Kashmir and Islam? The answer to this lies in the womb of the future, but looking at the basic character of Pakistan, it does not seem possible. There will be no possibility on this front until the military establishment within Pakistan loses control over the country. Perhaps such a fundamental change will only happen through a full-fledged war with India and a shameful defeat. For the time being, India's action will spoil the mood of the generals sitting in Rawalpindi. Their position will be weakened, but they must be well aware that if things go on the old path, the situation can get worse in the future. Their propaganda of jihadists as brave and Hindus as weak has completely lost its steam in the Modi era. The second big message of Operation Sindoor is for the international community, which can bring some change in Pakistan's behavior along with putting pressure on it. Ever since the Pahalgam attack, India has presented Pakistan as a synonym of terror before the major superpowers through diplomatic options and demanded justice for its heinous acts. Reactions to this exercise were somewhat mixed, with the US, Europe and even Pakistan's best friend China condemning the Pahalgam massacre. However, some also urged that India and Pakistan resolve their differences through dialogue. Most countries see this problem as a long-term bilateral territorial dispute over the ownership of Kashmir. They are aware that both countries are equipped with nuclear weapons. That is why their normal reaction at the time of any tension is to resolve the dispute through dialogue with mutual restraint. In India, such voices often sound discordant that even after suffering from terrorism, the same restraint should be shown. This attitude was adopted by the governments before the Modi government, which further emboldened Pakistan. In the last 11 years, India has tried to change the subject matter of discussion from regional conflict to the fight against terrorism. Sympathy towards our viewpoint has increased in India's close friendly countries and military and intelligence support has also been received from many strategic partners to fight against terrorism. Despite this, the fact is also that all the big powers want that the India-Pakistan tension should not turn into a war. That is, even if India hits back, it should hit in a way that it is controlled and measured. In view of this, during the national security crisis, India kept its counter steps controlled and targeted even when the scope of tension against Pakistan increased. By not directly targeting Pakistani military and civilian sites, India has shown that it has options other than full-fledged war to deal with the unconventional challenge of jihad, but also less lethal but equally effective options. Before implementing Operation Sindoor, India had also put forth its views in the United Nations to hold the perpetrators of the Pahalgam massacre accountable and bring them to justice. Through non-conventional strategies and methods that surprise the enemy, India is not only protecting itself, but is also setting new standards in the global struggle against terrorism. If all the countries suffering from jihadi devils look closely at India's Operation Sindoor and the situation after it, they will find India's response exemplary. India is presenting an effective solution to the global scenario while keeping Pakistan within its limits. The methods of a big and emerging power like India will not be limited to self-defense only. Its threat will reverberate in West Asia, South Asia, Southeast Asia, Africa, Europe and America. Jihadi organizations around the world, such as  Just as forces against jihad take inspiration and help from each other, similarly the forces standing against jihad also believe in learning from each other and cooperating. Through its retaliatory action after the Pahalgam attack, India has given the message that we are fighting not only for ourselves but for the entire humanity.

# मुख्यमंत्री ने किया जीआईसी के मिनी स्टेडियम का शिलान्यास, 5 पांच शिक्षकों को मिला नियुक्ति पत्र

मुरादाबाद- महानगर के जीआईसी मैदान में अब मिनी स्टेडियम बनेगा। लखनऊ के लोक भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुरादाबाद सहित कई अन्य जनपदों के राजकीय इंटर कॉलेजों में बनने वाले मिनी स्टेडियमों का ऑनलाइन शिलान्यास गुरुवार को किया। वहीं राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक पद पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। सहायक अध्यापकों में चार और एक प्रवक्ता पद पर मुरादाबाद से चयनितों को लखनऊ में नियुक्त पत्र देने के लिए बुलाया गया था। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि लखनऊ के लोकभवन सभागार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षा विभाग की कई योजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें प्रदेश में 23 राजकीय इंटर कॉलेजों में मिनी स्टेडियम के निर्माण शिलान्यास किया है। जिसमें मुरादाबाद के जीआईसी में मिनी स्टेडियम भी शामिल है। प्रदेश सरकार ने मार्च में ही माध्यमिक शिक्षा विभाग को 4 करोड़ 95 लाख की धनराशि आवंटित कर विभाग के खाते में 2 करोड़ 16 लाख रुपये की धनराशि ट्रांसफर कर दी थी। राजकीय इंटर कॉलेज में सीएनडीएस कंपनी स्टेडियम का निर्माण करेगी। वहीं उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा सहायक शिक्षक और प्रवक्ता की भर्ती में मुरादाबाद के पांच लोगों का चयन हुआ है। जिसमें मीनाक्षी कुमारी सहायक अध्यापक कला ,नेहा सहायक अध्यापक कला, रुबी सहायक अध्यापक सामाजिक विज्ञान, सरोज कुमारी सहायक अध्यापक हिंदी और शिवांगी व्याख्यान संस्कृत मुरादाबाद को नियुक्ति पत्र देने के लिए लखनऊ के सेवा भवन सभागार में बुलाया गया था।



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com


# मुरादाबाद में मुठभेड़- गोकशी करने के चार आरोपियों के पैर में लगी गोली, बड़ी मात्रा में मांस किया गया बरामद

मुरादाबाद- कुंदरकी-डींगरपुर रोड परपुलिस और गोकशी के आरोपियों के बीच दो बार मुठभेड़ हुई। इसमें चार आरोपियों के पैरों में गोली लगी है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।कुंदरकी-डींगरपुर रोड पर बृहस्पतिवार रात साढ़े आठ बजे पुलिस और गोकशी के आरोपियों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने पैर में गोली मारकर दो आरोपी दबोच लिए। जबकि, तीन साथी कुंदरकी की ओर भाग गए। यहां फिर से पुलिस व आरोपियों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस ने दो आरोपियों के पैर में गोली मारकर दबोच लिया। इनके पांचवें साथी को भी पुलिस ने पकड़ लिया। चारों घायल आरोपियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि मैनाठेर क्षेत्र के मोहम्मदपुर बस्तौर में दो दिन पहले पशु के अवशेष मिले थे। मामले में पुलिस ने बृहस्पतिवार सुबह मिलक हिसामपुर निवासी शमी को गिरफ्तार किया।आरोपी की निशानदेही पर मझोला क्षेत्र के जयंतीपुर स्थित एक मकान में छापा मारकर 180 किलो मांस बरामद किया था। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों के नाम बताए। बताया कि 20 लोगों ने मोहम्मदपुर बस्तौर के जंगल में गोकशी की घटना को अंजाम दिया था। इसमें शमी के अलावा सुहैब, जावेद, हैदर, अनस, फैज, बब्बू, जाकिर, नूर मोहम्मद, फाजिल, आकिल, आजम, कासिम, अतीक, गुलाम, मोहम्मद शफी, हाजी रियासत, इशरत जहां, रहाना, आशिफा के नाम प्रकाश में आए है। बृहस्पतिवार रात करीब साढ़े आठ बजे मैनाठेर पुलिस व एसओजी डींगरपुर-कुंदरकी मार्ग पर मौजूद थी। इस दौरान दो बाइक पर पांच लोग आ गए। पुलिस ने घेराबंदी की तो आरोपियों ने फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग करते हुए ताहरपुर गांव निवासी बब्बू, गांगन वाली मैनाठेर निवासी आकिल, मिलक हिसामपुर निवासी अतीक व डिडौली क्षेत्र के गांव पायती कलां निवासी मोहम्मद शफी को गिरफ्तार कर लिया। चारों के पैर में गोली लगी है, जबकि मिलक हिसामपुर निवासी आरोपी फाजिल को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस ने चारों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।



# सीडीओ की अध्यक्षता में मा0 मुख्यमंत्री जी के प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

मा0 मुख्यमंत्री जी के प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी के प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की बिन्दुवार समीक्षा की गयी। बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग श्री योगेश कुमार द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया गया कि सी0एम0 युवा स्कीम में कुल 859 आवेदन पत्र विभिन्न बैंकों को प्रेषित किये गये हैं जिसके सापेक्ष कुल 156 आवेदन पत्र स्वीकृत हुए हैं एवं 117 में वितरण की कार्यवाही हुई है जो अन्य जनपदों के सापेक्ष प्रगति अत्यन्त धीमी है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी बैंकों के आर0एम0 एवं बैठक में उपस्थित बैंकों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिये गये कि वह योजना में स्वीकृत/वितरण की प्रगति में सुधार लाते हुए अधिक से अधिक लक्ष्यपूर्ति सुनिश्चित करायें साथ ही यह भी निर्देश दिये गये कि योजना की स्वीकृति एवं वितरण की समीक्षा सोमवार को फिर से की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बैंक कम-से-कम 4-5 आवेदन पत्रों में स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही सोमवार तक अवश्य कर लें तथा सप्ताह में कम-से-कम सभी बैंकों से 40 आवेदनों पर स्वीकृति एवं 25 आवेदनों में वितरण की कार्यवाही किये जाने की भी अपेक्षा की गयी। कौशल विकास मिशन के प्रतिनिधि को प्रवीन योजना के अन्तर्गत संचालित प्रशिक्षण की प्रगति 100 प्रतिशत पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये। आई0टी0आई0 के प्रधानाचार्य द्वारा बैठक में अनुरोध किया गया कि औद्योगिक अधिष्ठानों में मानकों के अनुरूप अधिक से अधिक मात्रा में अप्रिन्टिस योजित किये जाने का अनुरोध किया इस सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा इसे उद्योग बन्धु समिति की बैठक में प्रस्तुत करने हेतु प्रधानाचार्य, आई0टी0आई0 को निर्देश दिये गये। सेवायोजन विभाग के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया अप्रैल 2025 में रोजगार मेले का लक्ष्य 2 है जिसके सापेक्ष 03 मेलों की पूर्ति कर ली गयी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 की कैरियर काउन्सिलिंग में माह अप्रैल 2025 में काउन्सिलिंग का लक्ष्य 05 के सापेक्ष 07 कैरियर काउन्सिलिंग की पूर्ति कर ली गयी है। श्रम विभाग द्वारा बताया गया कि कन्या सहायता योजना में कुल 113 आवेदन पत्रों के सापेक्ष लम्बित 111 समय सीमा में आवेदनों में समय से कार्यवाही की जा रही है। मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना में 128 आवेदन हुए हैं, जिसमें 128 आवेदन समय सीमा में लम्बित है कोई आवेदन समय सीमा के बाद का लम्बित नहीं है। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि लम्बित प्रकरणों के सम्बन्ध में त्वरित कार्यवाही करते हुए मामलों को समय निस्तारित किया जाये। कारखाना विभाग के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि कारखाना अधि0 1948 के अन्तर्गत पंजीयन की स्थिति मार्च 2025 तक कुल पंजीकृत कारखाने 1260 हैं। वर्ष 2024-25 में कारखानों में पंजीकरण का वार्षिक लक्ष्य 177 है जिसके सापेक्ष नवीन पंजीकृत कारखाने 188 हैं। वित्तीर्य वर्ष अप्रैल 2025 में पंजीकृत नवीन कारखाने 07 की प्रगति प्राप्त कर ली गयी है। बैठक में श्री सुनील कुमार सेवायोजन अधिकारी, श्री संजीव कुमार जैन प्राधानाचार्य आई0टी0आई0, श्री अमर कौशल उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, श्री सुमित कुमार कौशल विकास मिशन, श्री अजय पाल सिंह आई0टी0आई0 मुरादाबाद, श्री सुरेश कुमार सहायक श्रम अधिकारी, श्री पंकज सरन, एल0डी0एम0 सहित जनपद के समस्त बैंकों के क्षेत्रीय प्रबन्धकों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



# याकूतपुर पुलिस चौकी निर्माण का ठीकरा मिस्त्री के सिर फोड़ा, स्मार्ट सिटी- पुलिस और एमडीए ने झाड़ा पल्ला

मुरादाबाद- मुरादाबाद के याकूतपुर में अवैध रूप से बनाई जा रही पुलिस चौकी का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। स्मार्ट सिटी, पुलिस और एमडीए ने निर्माण की जानकारी से इनकार कर दिया। इसके बाद अब चौकी बनाने वाले राजमिस्त्री इसरार अहमद के खिलाफ एमडीए कोर्ट में मामला दर्ज किया गया है। इसकी सुनवाई 14 मई को होगी।याकूतपुर में अवैध तरीके से पुलिस चौकी के निर्माण का मामला हाईकोर्ट पहुंचने पर सभी विभागों द्वारा पल्ला झाड़ने के बाद अब इसका ठीकरा राजमिस्त्री के सिर फोड़ दिया है। हाईकोर्ट में स्मार्ट सिटी, पुलिस व एमडीए ने पुलिस चौकी के निर्माण की जानकारी होने से ही इन्कार कर दिया।अब चौकी का निर्माण करने वाले राजमिस्त्री इसरार अहमद के खिलाफ एमडीए कोर्ट में वाद दायर किया गया है। इसकी सुनवाई 14 मई को होगी। रामपुर रोड के जीरो प्वाइंट पर एकता विहार निवासी सिराज मुस्तफा के प्लॉट की चहारदीवारी के गेट से दस फिट की दूरी पर पुलिस चौकी का निर्माण कराया जा रहा था।जिसका सिराज मुस्तफा और उसके पिता तारिक मुस्तफा ने आपत्ति की। निर्माण रोके जाने के लिए नगर आयुक्त, डीएम, एमडीए वीसी और कमिश्नर को भी प्रार्थनापत्र दिया था। इसके बाद भी सुनवाई न होने पर सिराज मुस्तफा ने राज्य सरकार और एसएसपी समेत सभी को पार्टी बनाते हुए हाईकोर्ट इलाहाबाद में याचिका दायर की। दो अप्रैल को हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान एसएसपी मुरादाबाद की ओर से अपर शासकीय अधिवक्ता द्वारा बताया गया कि इस पुलिस चौकी का निर्माण स्मार्ट सिटी योजना के तहत किया जा रहा है। एमडीए के अधिवक्ता द्वारा बताया गया कि एमडीए को पता नहीं है कि किस आधार पर पुलिस चौकी का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही कोर्ट को बताया गया कि विकास प्राधिकरण द्वारा इस संबंध में कोई अनुमति प्रदान नहीं की गई है। इसके बाद कोर्ट ने पुलिस चौकी के निर्माण पर रोक लगाते हुए स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को नोटिस जारी कर पूछा था कि किस आधार पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज पीडब्ल्यूडी की रोड पर पुलिस चौकी का निर्माण किया जा रहा है। इससे संबंधित सभी तथ्य भी कोर्ट में पेश करने को कहा था। इसके बाद एक मई को सुनवाई के दौरान स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिव्यांशु पटेल ने हाईकोर्ट को बताया था कि संबंधित पुलिस चौकी का निर्माण स्मार्ट सिटी योजना के तहत नहीं किया जा रहा है। अब एमडीए प्रशासन ने प्रभारी प्रवर्तन से जांच कराने के बाद उनसे मिली आख्या के आधार पर इसरार नामक व्यक्ति के विरुद्ध अवैध निर्माण दिखाते हुए प्राधिकरण न्यायालय में वाद दर्ज कर लिया है। साथ ही इसकी सुनवाई के 14 मई की तिथि नियत की है। मामला संज्ञान में आने के बाद प्रवर्तन दल प्रभारी को मौके पर भेज कर जांच कराई गई थी। उनकी आख्या के आधार पर इसरार अहमद के खिलाफ वाद दायर करते हुए नोटिस जारी किया गया है। सुनवाई 14 मई को होगी। इसके साथ ही पीडब्ल्यूडी, पुलिस और नगर निगम को भी इस संबंध में पत्र भेजकर जानकारी की जा रही है। - अंजू लता, सचिव, एमडीए मुझे वाद दायर होने की कोई जानकारी नहीं है। मैं तो सिर्फ राजमिस्त्री हूं। मुझे 700 रुपये प्रतिदिन मजदूरी के मिलते थे। - इसरार अहमद, राजमिस्त्री हाईकोर्ट ने प्रमुख सचिव को जांच के दिए हैं आदेश हाईकोर्ट में स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिव्यांशु पटेल ने बताया था कि संबंधित पुलिस चौकी का निर्माण स्मार्ट सिटी योजना के तहत नहीं किया जा रहा है। इसके बाद हाईकोर्ट ने एसएसपी और सीईओ के विरोधाभासी बयानों और सभी प्रतिवादियों द्वारा इस निर्माण की जिम्मेदारी न लेने पर प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन को जांच करने और हलफनामा प्रस्तुत करने को कहा था। निर्माण पर रोक बरकरार रखते हुए हाईकोर्ट ने जुलाई के पहले सप्ताह में सुनवाई की तारीख तय की है।



## संक्षिप्त समाचार

### नि:शुल्क विद्युत चालित चाक (पाटरी व्हील) वितरण के आवेदन की अन्तिम तिथि 20 जून

मुरादाबाद- मुख्य कोषाधिकारी मुरादाबाद रेनू बौद्ध ने कोषागार मुरादाबाद से पेंशन आहरित करने वाले समस्त पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों को सूचित किया है कि जिन पेंशनरों का जीवित प्रमाण-पत्र की वैधता समाप्त हो रही है, ऐसे पेंशनरों को अवगत कराना है कि वे सभी अपने-अपने जीवित प्रमाण-पत्रों को ऑनलाइन जीवित प्रमाण-पत्र की सुविधा का उपयोग अपने स्मार्ट फोन के प्ले स्टोर से क्रमश: AadhaarFaceRD App करें तथा पुन: प्ले स्टोर से ही *JeevanPramaan App कर ओपन करें। ऐप ओपन करने पर आवेदन करते हुए अपना जीवन प्रमाण-पत्र भेज सकते हैं एवं भविष्य में भी अपना जीवित प्रमाण-पत्र कोषागार में प्रेषित करने हेतु इसका पुन: प्रयोग करते हुए सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी श्री मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि महाप्रबन्धक उ0प्र0 माटीकला बोर्ड, लखनऊ द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में माटीकला टूल- किट्स वितरण योजना के अन्तर्गत माटीकला विधा के व्यक्तिगत कारीगरो को नि:शुल्क विद्युत चालित चाक (पाटरी व्हील) वितरण हेतु शासन से लक्ष्य प्राप्त हो चुके है। जनपद मुरादाबाद के ऐसे ग्रामीण/शहरी क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार नवयुवक/नवयुवतियां, जिनकी आयु 18 वर्ष से 55 वर्ष के मध्य हो एवं गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परम्परागत कारीगर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। किन्तु उन्हें भारत सरकार एवं उ0प्र0 सरकार से किसी भी योजना में टूल किट्स न मिला हो ऐसे अभ्यर्थी आवेदन के लिए पात्र होगें। इसके अतिरिक्त स्वयं सहायता समूह में परम्परागत कारीगर भी पात्र होगें। प्राप्त आवेदन पत्रो का चयन शासन द्वारा गठित चयन समिति द्वारा किया जायेगा। इस योजना के अन्तर्गत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है। आवेदन करने की अन्तिम तिथि 20.06.2025 है। आवेदक ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट (upmatikalaboard.in) पर कर सकते है। विस्तृत जानकारी हेतु मोबाइल नं0 9580503151 एवं 8191967279 या जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, एम0आई0जी0ए0 एम0-6 दीन दयालनगर, मुरादाबाद से भी सम्पर्क कर सकते है।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक निर्माण परियोजनाओं की बैठक आयोजित

मुरादाबाद जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेऊ सभागार में 50 लाख से अधिक निर्माण परियोजनाओं की प्रगति के संबंध में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यदायीं संस्थाओं के अधिकारियों को निर्माण परियोजनाओं में लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे अधिकारी। बैठक में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ठाकुरद्वारा में प्रशासनिक भवन व बालिका छात्रावास निर्माण संबंधी, राजकीय महाविद्यालय कांठ के निर्माण संबंधी, ग्रामीण स्टेडियम रतनपुर कलां के निर्माण संबंधी, राजकीय पॉलीटेक्निक ठाकुरद्वारा के निर्माण संबंधी, मूढ़ापाण्डे के आईटीआई निर्माण संबंधी, थाना बिलारी में प्रशासनिक भवन निर्माण संबंधी, अटल आवासीय विद्यालय पिपली के निर्माण प्रगति संबंधी, गन्ना विकास संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र संबंधित आदि निर्माण कार्यो की प्रगति के संबंध में परियोजनावार विस्तृत चर्चा की गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने कार्यदायीं संस्थाओं के संबंधित अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों को समयान्तर्गत व गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने बाढ़ से प्रभावित होने वाली सड़कों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियन्ता एवं आरईडी के संबंधित अधिकारी को प्रभावित होने वाली सड़कों का ससमय सर्वे एवं चिन्हित कर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियन्ता को सड़कों की मरम्मत एवं चैड़ीकरण पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी मो0 परवेज सहित सिंचाई, नगर निगम, खेल, कृषि विभाग के संबंधित अधिकारीगण एवं कार्यदायीं संस्थाओं के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज़्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## संस्कार भारती के अध्यक्ष बने उपमेंद्र सक्सेना व अमन पटेल महामंत्री

क्यूँ न लिखूँ सच- ब्यूरोचीफ

बरेली - संस्कार भारती ब्रज प्रांत बरेली महानगर के तत्वावधान में एक बैठक पूर्व एजेंडा अनुसार स्थानीय रामपुर बाग स्थित केशव कृपा भवन में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि




प्रांतीय वरिष्ठ पदाधिकारी कला प्रमुख डॉ. मदन मोहन लाल रहे। विशिष्ट अतिथिगण प्रांतीय मंत्री कुलदीप वर्मा, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ गीतम सिंह, डी प्रसाद उर्फ पप्पू वर्मा, जिलाध्यक्ष बदायूं अशोक कुमार सक्सेना उपस्थित रहे। अध्यक्षता हिमांशु श्रोत्रिय निष्पक्ष ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्कार भारती के ध्येय गीत से हुआ जिसकी सुंदर प्रस्तुति होनहार कलाकार आरोही रावत ने दी जिसके उपरांत अतिथियों ने भारत माता की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। उक्त बैठक में बरेली महानगर की कार्यकारिणी का गठन किया गया। प्रबंध कार्यकारिणी की घोषणा संस्कार भारती ब्रज प्रांत के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ. मदन मोहन लाल एवं डॉ. गीतम सिंह के द्वारा की गई जिसमें नवीन कार्यकारिणी के अंतर्गत गीतकार उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट को अध्यक्ष, अमन पटेल को महामंत्री एवं नीरज कुमार ठाकुर एडवोकेट को कोषाध्यक्ष का दायित्व प्रदान किया गया इसके साथ ही प्रदीप रावत को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नीलिमा रावत को उपाध्यक्ष, भारत सक्सेना को संपर्क प्रमुख, संजय सक्सेना को मंचीय कला प्रमुख, प्रिया सक्सेना को दृश्य कला प्रमुख, दीप शिखा सक्सेना को लोक कला प्रमुख एवम् रोहित राकेश को साहित्य कला प्रमुख, उमेश त्रिगुणायत एवं सूरज पाल मौर्य को मंत्री, राजेश कुमार सिंह एवं हरदयाल मौर्य को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कार्यभार सौंपा गया। प्रांतीय मंत्री कुलदीप वर्मा ने कहा कि कार्यकारिणी में नवोदित कलाकारों और कला प्रेमियों को जोड़कर उन्हें मंच प्रदान किए जा?गे अभी कुछ दायित्वों/ पदभार का विस्तार होना शेष है जिसकी शीघ्र घोषणा की जाएगी। इस अवसर पर डॉ मिथलेश राकेश, आर.सी. पांडेय, दीपक राणा, मानेश यादव, जितेंद्र सिंह, अभय एवं सुधीर आदि भारी संख्या में संस्कार भारती के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन साहित्य कला प्रमुख रोहित राकेश ने किया।

## दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत दम्पति से अनुदान हेतु ऑनलाइन करें आवेदन

क्यूँ न लिखूँ सच- ब्यूरोचीफ

बरेली - जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी चमन सिंह ने बताया कि जनपद के समस्त दिव्यांग जनों को सूचित किया जाता है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत ऐसे दिव्यांग दम्पति जिनका विवाह वित्तीय वर्ष 2024-25 अथवा इस वित्तीय वर्ष में सम्पन्न हुआ है। उन्हें निम्न प्रकार से अनुदान दिये जाने का प्रावधान है, शादी करने पर वर के दिव्यांग होने पर रूपये 15000/- वधू के दिव्यांग होने पर रू0 20000/- एवं वर-वधू दोनों के दिव्यांग होने पर रू0 35000/- पुरस्कार स्वरूप अनुदान दिया जाता है। अतः ऐसे पात्र दिव्यांग दम्पति ऑनलाइन आवेदन भरते समय आवेदन दम्पति को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटो, आयु प्रमाण पत्र, ( यू0डी0आई0डी0 कार्ड ), शादी का कार्ड, अधिनिवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय एवं जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता आदि अभिलेख सहित http://www.divyangja n.upsdc.gov.in पर दिनांक 31 अगस्त 2025 ऑनलाइन कर सकते है तथा ऑनलाइन आवेदन करने के उपरान्त हार्डकॉपी कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, कक्ष संख्या 04 विकास भवन, बरेली में उपलब्ध करायें। किसी अन्य प्रकार की सहायता हेतु कार्यालय समय में सम्पर्क कर सकते है।

## भारतीय स्टेट बैंक ने मेधावियों को किया सम्मानित, खुशी से उछले विद्यार्थी

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। प्रतिभाओं का मनोबल बढ़ाने के लिए भारतीय स्टेट बैंक शाखा रिठौरा ने यूपी बोर्ड की




हाईस्कूल, इन्टरमीडिएट में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज के छात्र -छात्राओं को शुक्रवार को शाखा परिसर में उनका सम्मान समारोह किया।इस दौरान सहायक शाखा प्रबंधक कुमारी काजल पाण्डेय ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उन्हें भविष्य की तैयारियों में जुटने के साथ ही पढ़ाई के दौरान धन की कमी न आए इसके लिए भारतीय स्टेट बैंक सदैव उनके साथ है। छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न लाभकारी योजनाएं चलाई जा रहीं हैं।उनका लाभ लेकर वह अपने सपनों को पंख लगा सकते हैं।शाखा प्रबंधक अश्वनी कुमार वर्मा, फील्ड आफिसर विवेक चित्रांश,कैश इंचार्ज रामानुज प्रसाद,सुमन लता,शिवांगी शर्मा ने संयुक्त रूप से मेधावियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सम्मान पाने वालों में हाईस्कूल की छात्रा जैनव जहां,इण्टर मीडिएट विज्ञान वर्ग में निधि, अंकित गौतम, सतीश कुमार,कला वर्ग में अनिल कुमार,सुहानी,अनु शर्मा,कृषि विज्ञान 11वीं के अरविंद, मुनेन्द्र देव, यशपाल,कृषि वर्ग रजत गंगवार, अवनीश यादव, सुमित गंगवार ने सम्मान प्राप्त किया।इस दौरान गंगासरन,राणा सिंह,संजू कश्यप, प्रधानाचार्य आशीष कुमार सिंह, डॉ राजेश कुमार गंगवार, कुसुम गंगवार,अतुल कुमार मौर्या, राजेश द्विवेदी, प्रदीप कुमार गुप्ता सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

## अधिवक्ताओं ने हर्षोल्लास से मनाया महाराणा प्रताप का जन्मदिन

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।भारत की आन-बान -शान महाराणा प्रताप के जन्मदिन के अवसर पर अधिवक्ताओं ने ब्लॉक बी बड़ा वकालतखाना बरेली में महाराणा प्रताप के जन्म दिवस के अवसर पर महाराणा प्रताप के



चित्र पर माल्यार्पण करके पुष्प अर्पित किए जयंती के मौके पर बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के सदस्य -सह अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया आज हम महान योद्धा मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप जी को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धा पूर्वक माल्यार्पण करके पुष्प अर्पित किये और बताया कि महाराणा प्रताप एक महान योद्धा थे उनका जन्म 9 मई 1540 में राजस्थान के कुंभलगढ़ में हुआ था ?।महान योद्धा थे जयंती के अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता यशेंद्र सिंह , नन्दन सिंह, धारा सिंह ,सचिन सिंह, धर्मवीर सिंह ,ओमपाल सिंह शुभम् सिंह प्रखर अग्रवाल, धर्मवीर गुप्ता, जयप्रकाश आकाश केसरवानी विमल कुमार, राजा बाबू ,अश्वनी कृष्ण वर्मा , नवीन सिंह विष्णु पाल सिंह राम किशोर जीरेश कुमार यादव, नीरेंद्र गंगवार,अब्दुल मुजीब गोला , मुनीश गंगवार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे कार्यक्रम के अवसर पर प्रदीप कुमार सिंह ने अधिवक्ताओं को बार कौंसिल की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी और अधिवक्ताओं को हर मुद्दे पर बार कौंसिल की ओर से पूर्ण सहयोग का वायदा किया ।

## प्रयागराज जंक्शन अपर मुख्य न्यायिक रेलव मजिस्ट्रेट कार्यालय में कुत्तों का बोलबाला

क्यूँ न लिखूँ सच

घटना प्रयागराज रेलवे अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट कार्यालय कि है जहां एक कुत्ता सेकंड फ्लोर पर सीढिओ को चढ़कर जाता है कमरे के अंदर जाकर बैठ जाता है और दुम हिलाते हुए पंखे की हवा का आनंद लेता हुआ नजर आता है मानो की अदालत का मजिस्ट्रेट वही है आश्चर्य की बात तो यह है की यह घटना दिन में 10ः30 मिनट की है और इस बात से आला अधिकारी बिल्कुल बेखबर हैं ओर कमरे के समस्त पंखे भि चालू हैं जहां एक तरफ गर्मि मे बिजली का संकट गहराया हुआ है वही रेलवे विभग की तरफ से बिजली का बराबर दुरुपयोग किया जा रहा है और विभाग में समय पर किसी की मौजूदगी भी नहीं है यह एक घोर लापरवाही है जो रेलवे विभाग द्वारा देखी जा रही है

## और शोर में दब गई वृद्धा की चीखें- हत्या कर चादर से ढक दिया शव, खून से सने कपड़े रसोई में धोए और सो गया आरोपी

केमिकल कारोबारी की मां की हत्या का आरोप उनके नौकर पर है। जांच में पता चला कि हत्या के बाद आरोपी ने शव को चादर से ढक दिया था। इसके बाद खून से सने कपड़े रसोई में धोकर वहीं सो गया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।कारोबारी दया किशन रस्तोगी की मां प्रमोद रस्तोगी (75) की हत्या के बाद आरोपी नौकर सचिन ने चादर से शव ढक दिया। हत्या के दौरान आरोपी के कपड़े भी खून से सन गए थे। उसने रसोई में कपड़े धोए और दूसरे कपड़े पहनकर सो गया। बृहस्पतिवार की दोपहर कारोबारी के घर के सामने ही गृह प्रवेश का आयोजन चल रहा था, लेकिन किसी ने वृद्धा की चीखें नहीं सुनीं। नौकरानी अनीता के नीचे आने पर घटना की जानकारी हुई।आरोपी नौकर कारोबारी के घर में ही रुकता था। नौकरानी ने पुलिस को बताया कि वह रोज की तरह सुबह करीब साढ़े नौ बजे मकान में आ गई थी। उस समय सचिन घर में ही मौजूद था। वह भूतल के आंगन, बरामदे, गैलरी, कमरे, रसोई और बैठक में सफाई करती रही। करीब 12 बजे दादी



